आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 02.09.2026
समय1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा– सरकार शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए निरंतर काम कर रही।
- केदारनाथ धाम की दूसरे चरण की यात्रा के लिए 15 सितंबर से शुरू होगी हेली सेवा।
- उधमसिंह नगर जिले में बिना मान्यता के संचालित हो रहे चार मदरसों को सील किया।
- नैनीताल जिले में गोवंशीय पशुओं में लंपी वायरस संक्रमण रोकने के लिए पशुपालन विभाग ने सघन अभियान शुरू किया।

मसूरी गोलीकांड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मसूरी गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने अपने संघर्ष, तप, त्याग और बलिदान से उत्तराखंड राज्य गठन के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि मसूरी की धरती उत्तराखंड के संघर्ष और बलिदान की साक्षी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद आंदोलनकारियों का बलिदान प्रत्येक उत्तराखंडवासी की स्मृतियों में सदैव अमर रहेगा। श्री धामी ने कहा कि नई पीढ़ी को भी राज्य निर्माण के संघर्ष से परिचित कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन में मातृशक्ति ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारी माताओं–बहनों ने अपने संघर्ष और सहभागिता से आंदोलन को मजबूती प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारी उत्तराखंड की पहचान और गौरव के आधार हैं। राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों के सम्मान और कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

बदरीनाथ धाम में जन्माष्टमी

चमोली जिले स्थित श्री बदरीनाथ धाम में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्माष्टमी को लेकर श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जन्माष्टमी पर बदरीनाथ मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजा और आरती की जाएगी।

हेली सेवा

चारधाम यात्रा के दूसरे चरण में केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेली सेवा 15 सितंबर से फिर शुरू होगी। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं और पहली टिकट बुकिंग विंडो सात सितंबर से खोलने की तैयारी की जा रही है।

यूकाडा के अनुसार, टिकटों की कालाबाजारी रोकने और बुकिंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए दूसरे चरण में टिकट 15–15 दिन की अवधि के लिए चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे।

यूसीएडीए ने कहा कि हेली सेवा का संचालन मौसम की स्थिति, सुरक्षा मानकों और डीजीसीए की अनुमति के अनुरूप ही किया जाएगा। प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं से केवल अधिकृत माध्यम से टिकट बुक करने की अपील की है।

आवासीय क्रीड़ा

वर्ष 2026–27 में आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए पौड़ी जिले में गढ़वाल में विभिन्न खेलों के लिए 9 व 10 सितंबर को जिलास्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे।

जिला खेल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि जिलास्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन रांसी स्टेडियम, पौड़ी में किया जाएगा। इसमें फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, हॉकी, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट खेलों के लिए बालक–बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की आयु एक जुलाई, 2026 को 12 वर्ष से कम और 16 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

रोपवे परियोजनाओं

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने प्रदेश में रोपवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न रोपवे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को रोपवे परियोजनाओं में पार्किंग डेवलपमेंट को अनिवार्य रूप से शामिल किया करने को कहा, ताकि पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे कनेक्टिविटी प्रदेश की पर्यटन एवं यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसलिए सभी परियोजनाओं समय पर धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किया जाए।

मदरसों के खिलाफ

प्रदेश में बिना आवश्यक मान्यता एवं दस्तावेजों के संचालित हो रहे मदरसों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में ऊधमसिंह नगर जिले के बाजपुर परगना क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे चार मदरसों को सील का दिया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम बाजपुर ऋचा सिंह और कोतवाली निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार, सम्बंधित मदरसा संचालक निरीक्षण के दौरान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। वहीं उत्तराखंड अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉक्टर पराग मधुकर धकाते ने कहा कि उत्तराखंड अल्प शिक्षा अधिनियम बनने के बाद राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के जरिए मान्यता की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जिन मदरसों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है उन्हें आवेदन करने के लिए कहा गया है और जो मदरसे बिना आवेदन के संचालित होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

लंपी संक्रमण

नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लंपी वायरस के संक्रमण को गंभीरता से लेते हुए पशुपालन विभाग ने गोवंशीय पशुओं में लंपी के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए पशुपालन विभाग ने सघन अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत जिले भर में 163 टीमों का गठन किया गया है। राजकीय पशु चिकित्सक के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डाक्टर आर के पाठक ने बताया कि विभागीय टीमें लगातार गांव–गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण कर रही हैं, साथ ही जरूरी दवाओं का वितरण और पशुपालकों को बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

बाहरी राज्यों और अन्य स्थानों से महिषवंशी एवं गोवंशीय पशुओं के परिवहन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने पशुपालकों से पशु में लंपी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी पशु चिकित्सालय या विभागीय टीम को सूचना देने की अपील की है।

मौसम

और एक नजर आज के मौसम पर प्रदेशभर में बारिश का दौर जारी है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वानुमान के अनुसार दो सितंबर को देहरादून समेत नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में भी गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और तेज बारिश होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार राज्य में आगामी 7 सितंबर तक अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी संभावना है।